कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़वानी
फसलवार अनुशंसाऐं
सोयाबीन

1. मध्यम से कम वर्षा वाले क्षेत्रों मे सोयाबीन की जे.एस. 95–60 (कम अवधि 90–95 दिन) जे.एस. 93–05, जे.एस.–335, आर.व्ही.एस. 2001–04 का चयन करें ताकि अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़वानी द्वारा किये गए इस किस्म के प्रदर्शन में 15 प्रतिशत की उपज वृद्धि पाई गई।
2. बीजदर 80 किग्रा/हे की दर से प्रयोग करें।
3. मृदा परीक्षण के आधार पर सल्फर (10 किग्रा/हे.) का प्रयोग अवश्य करें।
4. सोयाबीन की बुवाई मेढ़ तथा नाली पद्धिति द्वारा करने की सिफारिश की जाती है।
5. राइजोबियम कल्चर द्वारा बीजोपचार करें।
6. रोगिंग अवश्य करें।
7. तम्बाकू की इल्ली के नियंत्रण के लिए ट्राइजोफॉस 40 ईसी का 1.5 मिली. प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।
8. कटाई समय पर करें।
9. गहाई थ्रेसर से सावधानीपूर्वक करें तत्पश्चात् भंडारण करें।